प्रेषक,

अभिनय सिंह,
सिविल जज (जूनियर डिवीजन) ,
छिबरामऊ जनपद कन्नौज।

सेवा में,

श्रीमान महानिबंधक,
माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय,
प्रयागराज।

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय,
जनपद कन्नौज।

विषयः— माननीय उच्च न्यायालय की ई— सर्विसेस के अंतर्गत श्रीमान जनपद न्यायाधीश द्वारा दी गई वार्षिक गोपनीय प्रवृष्टि संदर्भित आकलन वर्ष 2019— 2020 के संबंध में।

आदरणीय महोदय,

उपरोक्त विषयक माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय, की ई— सर्विसेस के अंतर्गत श्रीमान जनपद न्यायाधीश द्वारा दी गई वार्षिक गोपनीय प्रवृष्टि संदर्भित आकलन वर्ष 2019— 2020 के संबंध में प्रार्थी ससम्मान निवेदन करता है कि :—

01. वार्षिक गोपनीय प्रवृष्टि 2019— 2020 1/(E)(IV) में अंकित किये गये निष्पादन वाद के संबंध में Nil अंकित किया गया है। इस संबंध में यह निवेदन है कि आकलन वर्ष 2019—2020 में प्रार्थी द्वारा एक निष्पादन वाद सं0 **05/2011 अशोक बनाम निशार** का निस्तारण दिनांक 15.02.2020 को न्यायालय सिविल जज (जू0डि0), छिबरामऊ, में किया गया था। उपरोक्त के संबंध में ससम्मान यह भी निवेदन है कि प्रार्थी संदर्भित आकलन वर्ष 2019—2020 में 01.05.2019 से 31.07.2019 के द्वितीय चरण में न्यायिक प्रशिक्षण अनुसंधान संस्थान में फाऊंडेशन प्रशिक्षण पर था साथ ही प्रार्थी दिनांक 23.09.2019 से 27.09.2019 तक इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम फॉर जूडिशियल ऑफिसर इन यू0पी0 पर प्रशिक्षण पर था ।

Scanned with CamScanner

02. यह भी निवेदन है कि प्रार्थी के संदर्भित आकलन वर्ष 2019–2020 में 04 न्यायालय परिवर्तित हुए और साथ ही प्रार्थी श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश सं0 1057 दिनांकित 13.11.2019 के अनुपालन में दिनांक 14.11.2019 से 19.12.2019 तक फील्ड ट्रेनिंग पर रहा एवं साथ ही प्रार्थी दिनांक 03.09.2019 से 08.09.2019 व दिनांक 04.10.2019 से 21.10.2019 तक चिकित्सीय अवकाश पर था।

03. यह भी निवेदन करना है कि जब प्रार्थी न्यायालय – न्यायिक मजिस्ट्रेट कन्नौज में दिनांक 01.04.2019 से 17.07.2019 तक एवं न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0) कन्नौज, कक्ष सं0– 1 में 17.07.2019 से 22.10.2019 तक कार्यरत था, तब प्रार्थी के पास एक भी निष्पादन वाद न्यायालय में विचाराधीन **नहीं** था।

04. उपरोक्त कारणवश प्रार्थी अन्य किसी निष्पादन वाद का निस्तारण नहीं कर सका, परंतु प्रार्थी वर्तमान न्यायालय में निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु पूर्णतया प्रयासरत है।

05. अतः श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा दी गई वार्षिक गोपनीय प्रवृष्टि संदर्भित आकलन वर्ष 2019– 2020 में क्रमांक 1/(E)(IV) में उल्लिखित प्रवृष्टि को तद्नुसार संशोधित रूप से संज्ञान लेने व प्रस्तुत प्रत्यावेदन को सहानुभूति पूर्वक विचार हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष सादर प्रस्तुत करने की कृपा करें ।

ससम्मान।

दिनांकः 07.11.2020

भवदीय

(अभिनय सिंह)
सिविल जज (जूनियर डिवीजन)
छिबरामऊ, जनपद कन्नौज।

Scanned with CamScanner